ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 26.12.2020

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 26.12.2020 को महाराणा प्रताप पार्क स्थित मेजवान होटल के पास का किया गया निरीक्षण।
- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 26.12.2020 को मिश्रीपुर तराई स्थित कान्हा गौशाला का किया गया निरीक्षण।
- नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 26.12.2020 को बरेली मोड़ के पास नाले के निर्माण कार्य का किया गया निरीक्षण।

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 26.12.2020 को महाराणा प्रताप पार्क स्थित मेजवान होटल के पास का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने पार्क में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। जिसमें महाराणा प्रताप पार्क में प्रवेश द्वार एवं रेलिंग लगवाये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया गया तथा पार्क के सौन्दर्यीकरण हेतु पार्क में प्लान्टेशन की व्यवस्था एवं पेटिंग कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान, महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी उपस्थित रहे।
2. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 26.12.2020 को मिश्रीपुर तराई स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने गौशाला में साफ–सफाई, पेयजल, एवं प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिसमें गायो के लिए हरा चारा,भूसा पर्याप्त मात्रा मे पाया गया तथा मौके पर 05 कर्मचारी, 01 गार्ड एवं 01 होम गार्ड उपस्थित पाये गये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा गौशाला में पानी की सुचारू रूप से निकासी हेतु यथोचित व्यवस्था किये जाने हेतु मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार गौशाला के मुख्य द्वार पर नाली के पानी की निकासी हेतु सड़क पर समुचित ढ़ग से क्रांसिग डाले जाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान, महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी उपस्थित रहे।
3. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 26.12.2020 को बरेली मोड़ के पास नाले के पानी की निकासी हेतु निरीक्षण किया गया । जिसमें बरेली मोड से हरदोई वाईपास की ओर जाने वाली रोड पर नाला निर्माण कर नवादा इन्देपुर के नाले में मिलाने एवं नवादा इन्देपुर से गर्रा नदी तक अवशेष नाले के निर्माण के निर्देश मुख्य अभियन्ता (सिविल) को दिये गये। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह, मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान, महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।